न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी रावतभाटा

पीठासीन अधिकारीः– महेश गगोरिया , उपखण्ड अधिकारी, रावतभाटा

प्रकरण संख्या–37 / 2025 प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 रा.ले.रे.एक्ट

1. ओमप्रकाश पुत्र मोडूलाल , जाति ब्राह्मण, उम्र बालिग, निवासी ग्राम लुहारिया, तहसील रावतभाटा, हाल निवास डाबी, जिला बून्दी, राजस्थान।
2. जगदीश पुत्र मोडूलाल जाति ब्राह्मण, उम्र बालिग, निवासी ग्राम लुहारिया, तहसील रावतभाटा, हाल निवास डाबी, जिला बून्दी, राजस्थान।
3. शिव पुत्र मोडूलाल जाति ब्राह्मण, उम्र बालिग, निवासी ग्राम लुहारिया, तहसील रावतभाटा, हाल निवास डाबी, जिला बून्दी, राजस्थान।
4. सन्तोष पुत्र मोडूलाल जाति ब्राह्मण, उम्र बालिग, निवासी ग्राम लुहारिया, तहसील रावतभाटा जिला चित्तौड़गढ़ राजस्थान हाल निवास भानपूरा, जिला नीमच मध्यप्रदेश।

......प्रार्थीगण

विरूद्व

1. हीरा लाल गुर्जर, गोपाल, लक्ष्मण एवं प्रकाश पुत्र श्री मोती लाल जी जाति गुर्जर, उम्र बालिग, निवासी ग्राम लुहारिया, तहसील रावतभाटा, जिला चित्तौड़गढ़, राजस्थान।
2. भूमिधारी तहसीलदार साहब रावतभाटा, जिला चित्तौड़गढ़, राजस्थान।

...........विपक्षीगण

निर्णय प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 भू–राजस्व अधिनियम

प्रार्थी की ओर से उपस्थित :– **श्री बाबूराम देराश्री**

अप्रार्थी की ओर से :– **पेरोकार सरकार।**

दिनांकः– 03.06.2025

–ःआदेशः–

प्रार्थीगण की ओर से प्रार्थना पत्र इस आशय का पेश किया गया हैं कि ग्राम मौजा लुहारिया प0ह0 लुहारिया तहसील रावतभाटा की जमाबन्दी सम्वत 2076–79 दर्ज रिकार्ड हैं। जिसका खाता संख्या 24 खसरा संख्या 327 / 370 कुल रकबा 2.1600 हैक्टेयर भूमि प्रार्थीगण के नाम सह खातेदारी हक से दर्ज रिकार्ड होकर प्रार्थीगण के सहखातेदारी एवं कब्जेकाश्त की हैं जिसकी पत्थरगढी करने का निवेदन किया है।

प्रार्थीगण ने प्रार्थना–पत्र द्वारा निवेदन किया कि खसरा संख्या 327 / 370 के पड़ौसी खातेदार व प्रार्थीगण के बीच कृषि आराजीयात पर फसल बुवाई और फसल कटाई को लेकर व पास मेब के बाडे में फसल को रखने को लेकर व आये दिन मेड, घास फुस को काटने व सीमाओं को लेकर विवाद होता रहता है। प्रार्थीगण ने निवेदन किया हैं कि प्रार्थीगण की खातेदारी की आराजीयात की मौके पर अभिलेख अनुसार नपती की जाकर मौके पर स्थाई सीमा चिन्ह स्थापित कराये जावे। प्रार्थीगण की ओर से आराजीयात जैर बहस की नकल जमाबंदी एवं नक्शा ट्रैस प्रस्तुत किया गया हैं। प्रार्थीगण को सुना तथा प्रस्तुत राजस्व अभिलेख का निरीक्षण किया– प्रार्थीगण उक्त आराजीयात जैर बहस के खातेदार काश्तकार होकर इन्हे आराजीयात जैर बहस की नपती करा पत्थरगढ़ी कराने का अधिकार निहित है।

पत्रावली पर अप्रार्थी पेरोकार सरकार तहसीलदार रावतभाटा द्वारा प्रकरण में जवाब प्रस्तुत नहीं कर प्रार्थना पत्र पर सहमति व्यक्त की गई। पत्रावली में उभय पक्ष की बहस सुनी। पत्रावली पर उभय पक्ष को सुना गया पत्रावली का अवलोकन किया गया, तथ्यों पर मनन किया गया।

प्रार्थीगण का प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा–128 रा.ले.रे. एक्ट को स्वीकार योग्य होने से स्वीकार किया जाता है। तहसीलदार रावतभाटा को प्रकरण हाजा में कमिश्नर नियुक्त कर आदेश दिया जाता है कि ग्राम मौजा लुहारिया प0ह0 लुहारिया तहसील [illegible] 2076–79 दर्ज रिकार्ड हैं। जिसका खाता संख्या 24 खसरा संख्या 327 / 370 कुल [illegible] 2.[illegible] हैक्टेयर भूमि प्रार्थीगण के नाम पर खातेदारी हक दर्ज रिकार्ड [illegible] उपस्थिति में बंदोबस्ती नक्शे अनुसार बिना कब्जे में [illegible] सीमा चिन्ह स्थापित किये जाने हेतु पत्थरगढ़ी की जावे एवं मौके [illegible] न्यायालय में पेश करें। पर्चा मौका एवं मौका ट्रैस 15 योम में इस कार्यालय को प्रस्तुत किया [illegible]। कमिश्नर फीस 1000 / –रूपये अक्षरे एक हजार रूपये प्रार्थीगण से वसूल किये जावे। प्रकरण दर्ज रजिस्टर होकर जा.दी. दायरी रजिस्टर नम्बर से कम होकर शुमार फैसल हो।

यह निर्णय आज दिनांक 03.06.2025 को खुले न्यायालय के इजलास में सुनाया गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Mahesh Gagoriya
Date: 2025.06.23 15:01:17 IST
Reason: SelfAttested

सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी
रावतभाटा जिला चित्तौड़गढ़